'एगोन रश-22' में जमकर हुई मस्ती

■ आइआइएम फेस्ट शुरू

लाइफ रिपोर्टर@रांची

आइआइएम रांची का वार्षिक मैनेजमेंट, कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट 'एगोन रश-2022' की शुरुआत शुक्रवार को ऑनलाइन हुई. तीन दिवसीय फेस्ट का आयोजन थीम 'अनडिफाइन योर बाउंड्रीज' पर किया जा रहा. फेस्ट के पहले दिन इनकेस, पुलूटस, वोरस्टेंड, एस क्विज, बीयर गेम, परीवृद्धी, चेस, कैरम, रम्मी जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ. संस्थान के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने आयोजन को ऑनलाइन बनाने के लिए लगातार प्रयास किया है. एगोन रश आइआइएम रांची के विद्यार्थियों

की पहचान है. कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को व्यक्तित्व निखारने का मौका मिलेगा.

आयोजन के दौरान डेलॉयट इंडिया के निदेशक संदीप चटर्जी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए वार्षिकोत्सव व प्रतियोगिताएं अनुभव हासिल करने का अवसर है. इसका हिस्सा बन विद्यार्थी अपनी प्रतिभा व क्षमता का प्रदर्शन कर पाते हैं. बताया कि फेस्ट के आयोजन के लिए आइआइएम रांची के अंतर्गत संचालित विभिन्न 10 क्लब को जिम्मा दिया गया है. 25 विद्यार्थी कोर कमेटी से जोड़े गये हैं. वहीं, 100 से अधिक विद्यार्थी प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग करेंगे. कोरोना काल की वजह से संस्था के सांस्कृतिक और खेल महोत्सव को एक साथ संचालित किया जा रहा. तीन दिवसीय आयोजन में 46 प्रतियोगिताओं का संचालन होगा. इसमें देशभर के विभिन्न संस्थानों से करीब 16000 प्रतिभागी जुड़ेंगे. ऑनलाइन कार्यक्रम में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग बिजनेस पार्टनर मैथली सारथी, नितिन सिंह समेत अन्य शामिल थे.

सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्टार नाइट' आज

फेस्ट के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार से होगी. इसके तहत 'स्टार नाइट' का आयोजन होगा. इसमें गायक 'अनुव जैन' अपनी प्रस्तुति देंगे. इसके अलावा स्टैंडअप कॉमेडियन रजत चौहान लोगों का मनोरंजन करेंगे.

Prabhat Khabar_05.02.2022_ Pg. 09